तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



4 जूडो में 15 कालेज के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम





6 कायाकल्प योजना : अंतर्जिला की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण









## बारिश के कारण खेतों से अभी भी पानी, त्योहारी सीजन के कारण मजदूरों का टोटा

# फसल कटाई का हुआ श्रीगणेश दीपावली के बाद पकड़ेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में फसल कटाई का श्री गणेश हो गया है। इसकी रफ्तार दीपावली के बाद पकड़ेगी। त्योहारी सीजन तथा खेतों में पानी होने से पकी फसल को अभी सप्ताह भर का और इंतजार करना होगा। मौसम विभाग 20 अक्टूबर से बारिश की आशंका जता रहा है। तेज बारिश होने पर कई किसानों का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

धमतरी कृषि प्रधान जिला है। यहां करीब 45 लाख हेक्टेयर में धान की फसलें लहलहा रही है। हरूना किसान के धान पककर तैयार है लेकिन बारिश की वजह से फसल कटाई पिछड़ गई है। हटकेशर के किसान शांतिलाल देवांगन ने बताया कि हरूना किस्म के धान पखवाड़े भर पहले से पककर तैयार है। बारिश के कारण खेतों से अभी भी पानी भरा हुआ है जिसके कारण अभी हार्वेस्टर से कटाई संभव नहीं है। त्योहारी सीजन के चलते मजदूरों का टोटा है। बारिश नहीं होने पर दीपावली के बाद फसल कटाई रफ्तार पकड़ लेगी। श्री देवांगन ने बताया कि फसल में माहो और मकड़ी का प्रकोप बढ़ते जा रहा है। फसल कटाई में पिछड़ने के कारण किसानों को कीटनाशकों का अतिरिक्त छिड़काव करना पड़ रहा है।

कृषि अधिकारी श्री पनिका ने बताया कि जिले में एक दो स्थानों पर फसल की कटाई शुरू हो गई है। चेनवाली छोटी हार्वेस्टर मशीन गीले खेतों में काम कर रही है। धान काटने के लिए मजदूरों का टोटा है। माई धान में अभी बालियां निकल रही हैं। ऐसे खेतों में कीट व्याधि हैं जहां दवा का छिड़काव जारी है। मौसम खुलने के बाद कीट प्रकोप में कमी आएगी।



### फसल क्षति की शिकायत नहीं, 15 नवंबर से खरीदी

जिले में हुई सामान्य से अधिक बारिश से भाठाटिकरा में भी धान की अच्छी फसल हुई है। गंगरेल बांध से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी छोड़ा गया। राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि जिले में फसल क्षति की शिकायत नहीं है। जिले के करीब 100 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी शुरू हो गई है। 15 नवम्बर से 3100 रूपये समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार धान की खरीदी करेगी।

### बारिश की आशंका से किसानों में टेंशन

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 20 अक्टूबर से दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। प्रदेश के तापमान में 1 से 2 डिग्री तापमान गिरावट के बाद आगामी 2 दिनों में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। आकाशीय सिस्टम में उत्तरी झारखंड एवं आसपास क्षेत्र में 3.1 किमी ऊंचाई पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बचा हुआ है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 से 22 सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# गौरी-गौरा जगार के साथ दीपावली उत्सव शुरू

- 20 को लक्ष्मी पूजा, 21 को बारात, 22 को होगी गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दुओं का प्रमुख पर्व दीपावली की तैयारी शहर सहित गांवों में शुरु हो गई है। आदिवासी समाज गौरा चौरा को सजाने में जुट गया है। गुरुवार से अंचल में गौरी गौरा जगार की परम्परा शुरु हो गई है।

आदिवासी नवयुवक समिति हटकेशर के लोकेश नेताम, संतराम ठाकुर, कैलाश ध्रुव ने बताया कि दीपावली में शिव पार्वती का विवाह आदिवासी समाज की प्राचीन परम्परा है। एक सप्ताह पहले गौरा चौरा में गौरी गौरा जगार का कार्यक्रम शुरु हो जाता है। गुरूवार रात 9 बजे समाज के महिला-पुरूष गौरा चौरा में एकत्रित होकर परम्परागत पूजा पाठ के साथ पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ गौरा जागे...का गीत गाते हैं। इस दौरान कई लोगों पर देव की सवारी आती है। वे खूब नाचते झूमते हैं। इसे देखने बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। अंचल की यह परम्परा आदिकाल से चली आ रही है।



### 21 अक्टूबर की रात निकलेगी गौरा-गौरी की बारात

आदिवासी समाज के भागीरथी नेताम, महेश ध्रुव ने बताया कि लक्ष्मी पूजा की रात गौरी गौरा की बारात निकलती है। दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का विसर्जन होता है। पिछले दो साल से तिथियां ऐसी पड़ रही हैं कि लक्ष्मी पूजा और गोवर्धन पूजा के बीच एक दिन का गेप हो जा रहा है। इससे पर्व का उत्साह फीका हो जाता है। इसे देखते हुए समाज के लोगों ने निर्णय लिया है कि 20 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा का पर्व मनाएंगे। 21 अक्टूबर की रात शिव पार्वती की बारात निकाली जाएगी तथा 22 अक्टूबर को गौरा विसर्जन तथा गोवर्धन पूजा पर्व मनाया जाएगा।

# निर्वाचन आयोग की स्वीकृति : जिले में 56 नए मतदान केंद्र बनाए गए

**धमतरी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। आयोग की स्वीकृति के पश्चात जिले में कुल 56 नए मतदान केन्द्र सृजित किये गये हैं। जिले में अब कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 809 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा (अजजा) में 8 नये मतदान केन्द्र, 57 - कुरूद में 22 नए मतदान केन्द्र तथा 58-धमतरी में 26 नए मतदान केन्द्र शामिल किये गये हैं। इस प्रकार जिले में क्रमशः सिहावा में 267, कुरूद में 259 तथा धमतरी में 283 मतदान केन्द्र स्थापित रहेंगे। उपजिला निर्वाचनअधिकारी धमतरी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और की गई कार्रवाई की सूचना तत्काल जिला कार्यालय को भेजने कहा है।







## खबर संक्षेप

### रिसगांव मंडल में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मना

■ पंच परिवर्तन पर मुख्य वक्ता ने रखे विचार

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगरी खंड के अतिसंवेदनशील रिसगांव मंडल में 15 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयागचंद बिसेन खंड सह संघचालक नगरी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन विषय पर सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि संगठन, समाज, संस्कृति, सुरक्षा और सेवा में परिवर्तन लाकर हम राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक दीनदयाल मरकाम ने की। विशेष अतिथि ग्राम पटेल योगेश अग्रवानी और वरिष्ठ नागरिक पंचम कश्यप थे। मौके पर खंड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर, खंड संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम, सुभाष अग्रवानी, छन्नूलाल प्रजापति, रजऊराम, प्रेमलाल, बनवालीराम, सुरेन्द्र कश्यप, बीरेन्द्र कश्यप, कुबेर भंडारी, संतोष ठाकु सहित रिसगांव क्षेत्र के अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

### कोलियारी में सुआ नृत्य प्रतियोगिता 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी में वैभव लक्ष्मी युवा संगठन एवं ग्रामवासियों द्वारा सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 19 अक्टूबर की रात्रि 9 बजे किया गया है। प्रथम पुरस्कार 4025, द्वितीय 3025, तृतीय 2025 और चतुर्थ पुरस्कार 2025 रखा गया है। तैयारी में रतन साहू, गिरधर तारक, गुलशन साहू, सूर्यकांत साहू जुटे हैं।

### दावा-आपत्ति 28 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र गंगरेल और कोलियारी में सहायिका के पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद अनंतिम मूल्यांकन एवं वरीयता सूची परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा जारी कर दी गई है। इस संबंध में किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो वह 28 अक्टूबर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

बरबांधा ने पूरे छग का नाम रोशन किया, ऐसी पढ़ाई हर स्कूल में होनी चाहिए : अरुण

# प्रतिभाशाली छात्रों और शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नवोदय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान समारोह बरबांधा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता बरबांधा सरपंच श्रीमती रुक्मणि मरकाम ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गरिमा नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती मौसमी मंडावी, प्रधानपाठक कृष्णकुमार कोटेन्द्र प्राशा जामपानी, हरीश कुमार निर्मलकर प्राशा गिधावा, सेवानिवृत्त व्याख्याता सगराम कोर्राम, सेवानिवृत्त कृषि विस्तार





अधिकारी सुधदु राम मरकाम, सेवानिवृत्त आर्मी दिलीप कुमार मरकाम, उच्च श्रेणी शिक्षक शिव कुमार साहू, गोविंदराम निषाद, सिविल जज कांकेर सुश्री सुनीति नेताम, डॉ. टीकम मरकाम थे।

अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि बरबांधा ने पूरे छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। यहां के विद्यार्थी न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसी पढ़ाई हर स्कूल में होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बरबांधा की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए प्रेरणा है।

ज्ञात हो कि अब तक बरबांधा क्षेत्र के 40 विद्यार्थी नवोदय तथा 25 विद्यार्थी एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित हो चुके हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में इस क्षेत्र की उत्कृष्टता का प्रमाण है।

मौके पर महेश कुमार नेताम, डोमारसिंह नेताम, श्रीमती कमितला ध्रुव, लीलाम्बर नागवंशी, ग्राम पटेल मंगउराम मरकाम, शाला समिति अध्यक्ष बीजूराम नेताम, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संदेश नेताम, श्रमेश कुमार नेताम, रमेश कुमार पटेल, डामन कोर्राम, ताराचंद कोर्राम, भंवरसिंह कोर्राम, सरजू राम नेताम, रामसुंदर ठाकुर, संग्राम कोर्राम, पीलाराम कोर्राम, बहादुर कोर्राम, नंदलाल मरकाम उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास : डॉ. आशीष

■ डाइट में स्वयं का प्रकृति परीक्षण, योग एवं किशोरी बालिका स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में प्राचार्य प्रकाशराय के मार्गदर्शन में स्वयं का प्रकृति परीक्षण, योग एवं किशोरी बालिका की दैनिक दिनचर्या विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष साहू आयुर्वेद चिकित्सा



अधिकारी दुगली, डॉ. एमपी चंद्राकर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी घुटकेल, श्रवण चौहान फार्मासिस्ट उमरगांव तथा सुशीला शेष योग प्रशिक्षक उमरगांव उपस्थित रहीं।

डॉ. आशीष साहू ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित आहार-विहार अपनाने एवं उम्र और मौसम के अनुसार पौष्टिक भोजन लेने के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। सुशीला शेष ने बताया कि योग द्वारा न केवल शरीर को सशक्त बनाया जा सकता है, बल्कि अनेक बीमारियों पर नियंत्रण भी पाया जा सकता है। मौके पर डाइट नगरी के उपप्राचार्य आरएन साहू, सहायक प्राध्यापक डीके साहू, श्री अवस्थी, व्याख्याता जोहन नेताम, भूपेंद्र साहू सहित डाइट नगरी के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राध्यापक उपस्थित थे।

### जोरातराई में नाचा गम्मत का आयोजन

**कुरुद।** धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर जय मां सतबहिनी युवा संगठन खपरी चौक, न्यू लक्ष्मी युवा संगठन नया बाजार चौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जोरातराई( सिलौटी) में नाचा गम्मत का आयोजन किया जा रहा है। आज खपरी चौक कला मंच में जय मां शीतला नाचा पार्टी भानपुरी (धमतरी) एवं कल कका भतीजा नाचा पार्टी सराईपाली (महासमुंद) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अजीत कुमार, दानीराम, अजय कुमार ने दी है।

# दो विभाग की समन्वित योजना का लाभ हितग्राहियों को मिला

■ सुपोषण अभियान में उत्तम प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड नगरी में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग ने कन्वरजेंस के तहत दो राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को एक साथ किया। दोनों विभाग की समन्वित योजना का लाभ हितग्राहियों को त्वरित मिला। गुरुवार को महिला बाल विकास विभाग ने सुपोषण माह के समापन पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महिला जांच



शिविर का आयोजन किया। इस दरम्यान गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार भी हुआ। सुपोषण अभियान में उत्तम प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड नगरी में 24 से 31 अक्टूबर तक नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत व्यापक नेत्र सर्वे का शुभारंभ किया। महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी एवं बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत ने सर्वे दल के एम्बुलेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दरम्यान जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी विकासखंड के प्रत्येक ग्राम में जाकर लोगों के नेत्रों की जांच करेंगे एवं मौके पर उपचार, रेफरल, परामर्श प्रदान किया जायेगा। 2 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चले समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का भी समापन हुआ।

मौके पर हृदय लाल साहू जनपद उपाध्यक्ष जपं नगरी, जपं सदस्य प्रेमलता नागवंशी सदस्य, कलावती मरकाम, शशिकला ध्रुव, नपं उपाध्यक्ष बोहरा, पार्षदगण शंकरलाल देव, अल्का साहू, अश्वनी साहू, राजा पवार, देवराज ध्रुव, मौसमी मंडावी, विमला ध्रुर्वा पूर्व सरपंच समेत डॉ. एके नेताम बीएमओ, हितेन्द्र साहू बीपीएम सोमेन्द्र साहू, डॉ. डीएन सोम, डॉ. सृष्टि चंद्राकर, डॉ. अनिता पैकरा, नेत्र सहायक अधिकारी समेत स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सुपरवाईजर, आबां कार्यकर्ता व सहायिका भी उपस्थित रही।

# आत्मसम्मान आंदोलन ने महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाया : प्रो. मेहरा

■ सुखराम नागे कालेज में आत्मसम्मान आंदोलन एवं सामाजिक न्याय पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं इतिहास परिषद व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आत्मसम्मान आंदोलन की शताब्दी के उपलक्ष्य में आत्मसम्मान आंदोलन एवं सामाजिक न्याय विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने तर्कवादी दृष्टिकोण को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में स्टार्टअप से जोड़ते हुए स्वयं का रोजगार एवं स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया। डेकेश कुमार एमए इतिहास ने गेंदे की खेती रिसर्च प्रोजेक्ट से छात्र-छात्राओं को अवगत कराकर स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया। प्रो. हितेषानंद ठाकुर ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को आत्मसम्मान आंदोलन के बारे में परिचित कराना है।



प्रो. आरआर मेहरा ने आत्मसम्मान आंदोलन में दलित अधिकारों को लागू करने एवं महिलाओं की स्वतंत्रता कानूनी अधिकार विषय को प्रमुखता से उठाया। इस आंदोलन ने महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रो. जयराम कुर्रे ने पेरियार ईवी रामास्वामी के तर्कवाद एवं दार्शनिक चिंतन को समझाया। प्रो. मोहित कुमार ने महिलाओं का सम्मान करने, तर्कवादी सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डा. संध्यारजनी मिश्रा ने आत्म सम्मान आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्रसार एवं प्रभाव के बारे में बताया। एमए तृतीय सेमेस्टर इतिहास के विद्यार्थियों ने पावरपाईंट प्रेजेंटेशन से आत्मसम्मान आंदोलन को समझाया। डेकेश कुमार ने आंदोलन की पृष्ठभूमि एवं कारण, लीलेश्वरी एवं ओसिका ने आंदोलन के प्रभाव एवं प्रसार के बारे में बताया। कुमुदिनी ने आत्मसम्मान आंदोलन और नारीवाद के बारे में समझाया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास परिषद के अध्यक्ष डेकश कुमार एवं आभार प्रदर्शन कुमुदनी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन, डॉ. अश्वनी ध्रुव, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. कविता, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. कौषल नायक, प्रो. लालमन बेरवंश समेत छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

### हसदा में राज्य स्तरीय डीजे डांस आज



**मगरलोड।** दीपावली पर्व पर ग्राम पंचायत हसदा नं 1 के नीम चौक में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर 18 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सुआ, कर्मा, ददरिया, राउत नाचा की प्रस्तुति होगी। प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये दिए जायेंगे। प्रवेश शुल्क 301 रूपये है। आयोजन की तैयारी में नई मुस्कान युवा संगठन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## अंचल की खबरें

### गोजी के श्मशान घाट में लगाए पौधे



**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी निवासी कृष्णकुमार साहू के निवास में उगे बरगद के पौधे का स्थान परिवर्तन कर गांव के श्मशान घाट के पास सुरक्षित जगह पर प्रतिस्थापित किया गया। इसमें सरपंच जयमित्र साहू, टिकेश्वर साहू, कृष्ण कुमार साहू, रोजगार सहायक एकेंद्र साहू का सहयोग रहा।

### जोरातराई स्कूल की 11 छात्राओं को मिली साइकिल



**कुरुद।** मुख्यमंत्री निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सिलौटी) की 11 छात्राओं को मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष कुरुद ने साइकिल वितरित की। इस दौरान स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सविता गंजीर, विधायक प्रतिनिधि चोवाराम गंजीर, जनभागीदारी अध्यक्ष दानीराम साहू, शिक्षक दयालुराम साहू, प्राचार्य ओमप्रकाश सिंह, मिथिलेश, थानुराम साहू, राजेश मिश्रा, दीपिका यादव, दुर्गेश्वरी सोनबेर, नेमसिंग लिपिक, मेहताब साहू सफाई कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति हो रही जागरूक



**नगरी।** नगरी ब्लॉक में चैतन्य संस्था द्वारा बिहान से जुड़ी महिलाओं को जेंडर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा के प्रति आवाज उठाने, अपने अधिकारों की जानकारी बढ़ाने और सशक्त बनने की दिशा में प्रेरित करने का है। कार्यक्रम का आयोजन संकुल स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें बाहिनी शक्ति महिला संकुल सांकरा, महिला शक्ति महिला संकुल गट्टासिल्ली (बिरगुड़ी), एकता महिला संकुल कुकरेल, दिव्य शक्ति महिला संकुल बेलरगांव तथा मातृशक्ति महिला संकुल दुगली शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को जेंडर समानता, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा समाज में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है। चैतन्य संस्था का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक होंगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर होंगी।

### 50 लीटर महुआ शराब एवं 1000 किलो महुआ लाहन जब्त

■ आबकारी विभाग ने मौके से एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**नगरी।** आबकारी विभाग ने सलोनी (थाना कोरेगांव) क्षेत्र में दबिश देकर 50 लीटर हाथभट्टी शराब और 1000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। मौके से एक आरोपी गुहाराम सोरी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु (वृत्त नगरी), आबकारी उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा एवं आशीष ध्रुव के नेतृत्व में की गई। टीम को बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण सामग्री मिली, जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया।आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षक राजेश यादव, आरक्षक मुरली सोनी, नगर सैनिक ज्ञानिक ध्रुव, जितेन्द्र कोरे एवं ज्योति बंजारे का सराहनीय योगदान रहा। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाने ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**Name Change**

It is informed to the general public that, I MOHAN AGRAWAL S/O PRAHLAD RAI AGRAWAL residence of F 14, AMALTAS PURAM, RUDRI ROAD, DHAMTARI,(C.G). 493773. Have changed my old name MOHAN AGRAWAL S/O PRAHLAD RAI AGRAWAL SO in future I should be recognized by my new name that is MOHAN LAL AGRAWAL S/O PRAHLAD RAI AGRAWAL in all government and other documents.

**MOHAN LAL AGRAWAL**
**F 14, AMALTAS PURAM, RUDRI ROAD, DHAMTARI, (C.G) 493773**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAN AGRAWAL पिता PRAHLAD RAI AGRAWAL निवासी फ 14, अमलतास पुरम, रुद्री रोड धमतरी (छ.ग.) 493773 अपना पुराना नाम MOHAN AGRAWAL पिता PRAHLAD RAI AGRAWAL को त्याग कर नया नाम MOHAN LAL AGRAWAL पिता PRAHLAD RAI AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नए नाम MOHAN LAL AGRAWAL पिता PRAHLAD RAI AGRAWAL के नाम से जाना व पहचाना जावें।

MOHAN LAL AGRAWAL
**फ 14, अमलतास पुरम, रुद्री रोड धमतरी (छ.ग.) 493773**

**Name Change**

It is informed to the general public that, I RENU AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL residence of F 14, AMALTAS PURAM, RUDRI ROAD, 493773. DHAMTARI, (C.G). Have changed my old name RENU AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL SO in future I should be recognized by my new name that is RENU DEVI AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL in all government and other documents.

**RENU DEVI AGRAWAL**
**F 14, AMALTAS PURAM, RUDRI ROAD, DHAMTARI, (C.G) 493773**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मै RENU AGRAWAL पति MOHAN LAL AGRAWAL निवासी फ 14, अमलतास पुरम, रुद्री रोड धमतरी (छ.ग.) 493773 अपना पुराना नाम RENU AGRAWAL पति MOHAN LAL AGRAWAL को त्याग कर नया नाम RENU DEVI AGRAWAL पति MOHANLAL AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नए नाम RENU DEVI AGRAWAL पति MOHAN LAL AGRAWAL के नाम से जाना व पहचाना जावें।

RENU DEVI AGRAWAL
**फ 14, अमलतास पुरम, रुद्री रोड धमतरी (छ.ग.) 493773**

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202510130700028**
**विषय :-अ-74 मामले की श्रेणी :-राजस्व**
**सन्न :-2025-2026**
**धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण :-**
**आवेदक पक्षकार -पुष्कर रामटेके,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्कर रामटेके पिता राधेश्याम रामटेके निवासी दानीटोला वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी द्वारा आवेदक के छोटे भाई परमानंद रामटेके पिता राधेश्याम रामटेके माता सुशीला देवी रामटेके था। जिसका देहांत दिनांक 11/09/2025 को निधन हो गया है। वे शासकीय सेवा में कार्यरत थे। आवेदक उनके वैध उत्तराधिकारी के रूप में आवेदक के पुत्र एवं पुत्री क्रमशः कुमारी विभुति रामटेके पिता पुष्कर रामटेके, पूर्वी रामटेके पिता पुष्कर रामटेके एवं देवग्य रामटेके पिता पुष्कर रामटेके दर्ज है। उनके समस्त शासकीय सेवा में प्राप्त होने वाले धनराशि पेशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के पूर्ण हकदार है। आवेदक द्वारा आश्रितता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 31/10/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2025 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
तहसीलदार
तहसील धमतरी

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202507130700060**
**विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी :-राजस्व**
**सन्न :-2024-2025**
**धमतरी प.ह.नं. 00033 [856/6(0.0200 हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण :-**
**आवेदक पक्षकार - अश्वनीकुमार,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनीकुमार पिता आनंदसिंह ध्रुव जाति गोड़ निवासी बांसपारा धमतरी प.ह.नं. 33 तह. व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.न. 856/6 रकबा 0.05/0.020 हे. 2175 व.फु. लगान 0.05 पै. को विक्रेता सुरितराम पिता मिलाप जाति गोड़ से दिनांक 16/06/2000 को पंजीकृत बिक्रीपत्र के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया गया है। आनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश आनंदराम पति सुरितराम वगैरह का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 29/10/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2025 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
तहसीलदार
तहसील धमतरी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.).**
**कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**
क्रमांक / 2782 अ.वि.अ./वा-01/2025
कुरूद, दिनांक 13/10/2025

**सूचना**

**प्रति,**
(1) बिमला पिता स्व. कार्तिक, जाति कलार, निवासी ग्राम-सिलघट, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) (2) कामिन पिता स्व. कार्तिक, जाति कलार, निवासी ग्राम-सिलघट, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) (3) अश्वनी पिता स्व. कार्तिक निवासी ग्राम-सिलघट, तहसील-भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) (4) राजकुमारी पिता ललेशर, जाति कलार, निवासी ग्राम-सिलघट, तहसील-भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)

**विषयः-** न्यायालय में उपस्थित होने बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202405132000001/1305/apl/अ--6/2024-25 में अपीलार्थी श्रीकांत पिता स्व. श्याम देवांगन, विरुद्ध प्रेमलाल पिता स्व. कार्तिक राम वगै. काश्तग्राम-सिलघट, तहसील-भखारा, जिला धमतरी स्थित वादभूमि खसरा नंबर 1112 रकबा 0.2800 हे. के निराकरण के सम्बन्ध में आपकी उपस्थिति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है, इस सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वतः जबाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 29/10/2025 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

### कुरूद कालेज में हुई अंतर महाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता

# जूडो में 15 कालेज के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में मंगलवार को अंतर महाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि टिकेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति कुरूद महाविद्यालय व विशिष्ट अतिथि भोजराज चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, खेमराज सिन्हा, श्रीमती अनुराधा साहू थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. आरके पाण्डेय, वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू, डा. सरस्वती घृतलहरे ने की।



इस कार्यक्रम को आयोजित करने में खेल विभाग के प्रमुख अमित टण्डन एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख मेजर डा. ओमजी गुप्ता की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डा. हित नारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र ने किया। इस आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से संबंधित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के कुल 15 कालेज की टीम ने विभिन्न वजन वर्ग में भाग लिया। पुरुष वर्ग में 60 किग्रा वजन में गौतम प्रसाद विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, मुकेश निर्मलकर आईसीटी गरियाबंद द्वितीय, मनस्वी जीएनए महाविद्यालय भाटापारा तृतीय रहे। पुरुष वर्ग में 66 किग्रा वजन में अपूर्व सोनी विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, सौरभ सिंग जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय रहे। पुरुष वर्ग में 73 किग्रा वजन में श्यामकिशोर यादव नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर प्रथम, जितेन्द्र जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय, 90 किग्रा वजन में अर्नव पाल दुर्गा महाविद्यालय रायपुर प्रथम तथा 100 किग्रा वजन में पोषण देवांगन जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम रहे।

महिला वर्ग के 48 किग्रा वजन में प्राची जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम, मुस्कान नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर द्वितीय, दीपिका डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर तृतीय रही 52 किलोग्राम वजन में झरना निषाद डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर प्रथम, त्रिवेणी संत गुरु घासीदास शास. स्नातको. महावि. कुरूद द्वितीय रही। 57 किग्रा वजन में चेतना सिंह यूटीडी रायपुर प्रथम, तनुजा संत गुरु घासीदास शास. स्नातको. महावि. कुरूद द्वितीय, भूमिका डीबी कन्या महावि. रायपुर तृतीय रही। 63 किग्रा वजन में अनुस्था यूटीडी रायपुर प्रथम, पवनी डीबी कन्या महा. रायपुर द्वितीय, अवन्तिका जीएनए महाविद्यालय भाटापारा तृतीय तथा 70 किग्रा वजन में प्राची यूटीडी रायपुर प्रथम, आकांक्षा दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वितीय रही। विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## दीपावली में सुरक्षा एवं बिजली की बचत का ध्यान रखें : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत के झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का अत्यधिक मात्रा में साज-सज्जा किया जाता है। इससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। अति भार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन-धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है।



घरों में लाइटिंग हेतु कटे-छिले, निर्धारित मापदण्ड से कम एवं अमानक श्रेणी के वायर झालर या अन्य लाइटिंग बल्ब का उपयोग किये जाने से इसके संपर्क में आने से विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है। कई स्थानों पर विद्युत की चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। बच्चों को बिजली के तारों से छेड़छाड़ न करने हेतु सावधान करें। विद्युत दुर्घटना होने पर तत्काल निकट के फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर में सूचित करें। विद्युत वितरण कंपनी संभाग कुरूद के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि पर्व के दौरान घरों में रोशनी हेतु मानक श्रेणी के सही वायर एवं उपकरणों का उपयोग कर दीपावली की खुशियां मनायें एवं आवश्यकतानुसार ही विद्युत का उपयोग करें। इससे आप न केवल अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं बल्कि बिजली की बचत करके प्रदेश एवं देश की सेवा भी कर सकते है। स्वहित एवं राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

## विशाल अधिमान्यता समिति रायपुर संभाग के सदस्य बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश सरकार ने राज्यस्तरीय संभागीय अधिमान्यता समिति का गठन कर इसे राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। समिति ने प्रेस क्लब धमतरी के अध्यक्ष विशाल ठाकुर को सदस्य के रूप में नामांकित किया है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार विशाल ठाकुर अपने निष्पक्ष दृष्टिकोण, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहित की लेखनी के लिए जाने जाते हैं। उनके सदस्य बनने से धमतरी सहित संभाग के पत्रकारों की अधिमान्यता प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। अपनी नियुक्ति पर विशाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री ठाकुर की इस नियुक्ति पर प्रेस क्लब के महासंरक्षक सुधीर गुप्ता, संरक्षक मेघराज ठाकुर, दीप शर्मा, महासचिव विक्रांत शर्मा, उपाध्यक्ष उमेशसिंह बशिष्ट, कमलेश पांडे, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, सचिव राज सोनवानी, सहसचिव संतोष सोनकर, संगठन सचिव सत्येन्द्र शर्मा, विशेष सलाहकार सुभाष साहेब, जुनैद रिजवी, विशेष आमंत्रित सदस्य दीपनारायण शर्मा, राजू देवांगन, दिलीप देवांगन, मीडिया प्रभारी बसंत सचदेवा, कीड़ा प्रभारी मोईन खान, दिनेश देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी यशवंत साहू, लोकेश साहू, कार्यालय प्रभारी रामकृष्ण ठाकुर, सदस्य सुनील शर्मा, मो. शाह अहमद ,चंद्रकांत साहू, पवन साहू, माधवेन्द्र हिरवानी सहित देवेन्द्र युवराज, दीपक साहू, मिश्रा, अवधेश पांडे, मुस्तफा दाऊदी, कृष्णाराव जगताप, लोकेश करैत, पूनम शुक्ला, दुर्गेश साहू, रितेश यादव एवं शिरोमणि राव घोरपड़े ने हर्ष जताया है।



### रासेयो छात्रों ने निकाली पोषण जागरूकता रैली

कोर्रा(भखारा)। 8वां राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर पचपेड़ी स्कूल के रासेयो छात्रों ने प्राचार्य रवींद्र कोसरे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में पोषण जागरूकता रैली निकाली।

## दीपावली पर सजा पटाखा बाजार, लॉटरी से हुआ दुकानों का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

दीपावली पर्व के मद्देनज़र नगर में पटाखा बाजार की दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया गया। पटाखा विक्रेताओं को पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए लॉटरी निकालकर दुकानें आवंटित की गईं।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगणों ने लॉटरी प्रक्रिया में सहयोग दिया और सभी दुकानदारों से सुरक्षित व नियमों के अनुरूप पटाखा बिक्री करने की अपील की। कार्यक्रम में सीएमओ सहित नगर पंचायत के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। दिवाली के उल्लास के साथ पटाखा बाजार सजने लगा है, जिससे नगर में रौनक बढ़ गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने सुरक्षा और अग्नि नियंत्रण के उचित इंतज़ाम करने के निर्देश भी दिए हैं।




इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद गण अविनाश गौर, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, भूपेंद्र यादव, मेघनाथ साहू सहित पटाखा वेंडर्स तुलाराम निर्मलकर, मानसिंग साहू, भगत साहू, विश्राम साहू, देवेश कुमार, शेखर साहू, रवि कश्यप, धनेन्द्र साहू, फनेन्द्र कुमार, इंदरचंद जैन, रमेशर सिंग, कोमेश ढीढी, आशीष जैन, भूपेन्द्र साहू, दुष्यंत साहू, केशव साहू व नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।











धनतेरस एवं दीपावली
की आप सभी को हार्दिक बधाई
एवं मंगल शुभकामनाएं
APPROVED
RERA
APPROVED
MAHALAXMI
BUSINESS PARK
Address: Near Arjuni Chowk,
Raipur Road, Dhamtari
Pt. Rajesh Sharma
81203 27000, 81203 38000, 81203 28000

त्योहार से पहले लिए जाते हैं सेंपल, रिपोर्ट त्योहार खत्म होने के बाद मिलती है

# स्वीट सेंपलिंग का यह कैसा खेल ?

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत त्योहारों का देश है और इन त्योहारों की मिठास में मिठाइयों का विशेष स्थान होता है। रक्षाबंधन, दीपावली, दशहरा जैसे पर्वों पर शहर की मिठाई की दुकानों पर रौनक बढ़ जाती है। नारियल, दूध, बेसन और अन्य खाद्य पदार्थों से बनी मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। लोग इन्हें बड़े चाव से खरीदते हैं, भगवान को भोग लगाते हैं और मेहमानों को परोसते हैं।


बिक चुकी होती हैं लाखों रूपये की मिठाइयां

लेकिन इस मिठास के पीछे सच भी छिपा होता है मिलावट। त्योहारों के दौरान भारी डिमांड को देखते हुए कुछ दुकानदार मिलावटी या नकली मिठाइयों को बेचने से भी नहीं हिचकते।

विभाग द्वारा हर साल त्योहारों से पहले मिठाई की दुकानों से सेंपल लेकर जांच की जाती है, लेकिन यह प्रक्रिया महज औपचारिकता बनकर रह गई है। सेंपलिंग तो हो जाती है, लेकिन रिपोर्ट तब आती है जब तक दुकानों में तैयार मिठाई बिक चुकी होती है। कई बार देखा गया है कि जांच रिपोर्ट त्योहार बीत जाने के बाद आती है, जब तक उपभोक्ता वह मिठाई खा चुके होते हैं।

प्रश्न यह उठता है कि यदि मिठाई मिलावटी पाई गई, तो उस दुकान के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई ? क्या उसे सील किया गया? क्या जुर्माना लगाया गया ? या बस फाइलों में कार्रवाई का हवाला देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया ?

जनता जानना चाहती है कि हर साल सैकड़ों सेंपल लिए जाते हैं, बड़ी संख्या में रिपोर्ट में मिठाइयां अमानक पाई जाती हैं, लेकिन इसके बावजूद उन दुकानों पर साल-दर-साल बिक्री जारी रहती है।

समस्या की जड़ यह है कि सेंपलिंग तत्काल होती है, लेकिन कार्रवाई परिणाम अक्सर देर से आता है तब तक लाखों की मिठाइयां बिक चुकी होती हैं। जरूरत इस बात की है कि जांच और कार्रवाई दोनों स्पॉट पर हो। यदि सेंपल खराब निकले तो मौके पर दुकान सील की जाए, जुर्माना और सजा का प्रावधान तत्काल लागू किया जाए। इससे मिलावट करने वाले दुकानदारों में डर पैदा होगा और उपभोक्ताओं को शुद्ध मिठाई मिल पाएगी। जब तक विभाग की कार्यप्रणाली में यह सुधार नहीं होता, तब तक त्योहारों के नाम पर मिलावट का खेल यूं ही चलता रहेगा और हर साल स्वीट सेंपलिंग का सच जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करता रहेगा।

# तीन जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, 17 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर चल रहे जुआ फड़ में रेड मारकर 17 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2.62 लाख से अधिक की बाइक, मोबाइल व नकदी जब्त की है। कोतवाली पुलिस अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहर के तीन विभिन्न स्थानों पर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पहली रेड कार्रवाई ब्रम्ह चौक में हुई। सूचना पर पुलिस ने रोशन गुप्ता के किराये के मकान की छत पर दबिश दी जहां 8 जुआरी राकेश गुप्ता 41 वर्ष इन्द्रप्रस्थ कालोनी, इस्लामुद्दीन 54 वर्ष सदर उत्तर वार्ड, संदीप कोटवानी 39 वर्ष आमापारा, साबिर अली 45 वर्ष साल्हेवारपारा, रितेश जैन 38 वर्ष रामबाग, मो. शरीफ 58 वर्ष सदर उत्तर वार्ड, ललित निषाद 44 वर्ष ग्राम कोलियारी व जियाउल रहमान 44 वर्ष आमापारा निवासी गिरफ्तार किये गये। आरोपियों के कब्जे से नकदी 22 हजार 550 रूपये, 9 नग मोबाइल कीमत 44 हजार, 6 मोटरसाइकिल कीमत 2 लाख कुल 2 लाख 22 हजार 50 रूपये जप्त किये गये। पुलिस की दूसरी रेड कार्रवाई रेलवे स्टेशन के पीछे हुई। पुरानी ट्रक यूनियन के पास खुले में जुआ खेल रहे राकेश बांधे 39 वर्ष मकेश्वर वार्ड, जामिल खान 34 वर्ष अधारी नवागांव, संत निर्मलकर 52 वर्ष अधारी नवागांव, देवेन्द्र बंजारे 35 वर्ष टिकरापारा व शंकर ध्रुव 63 वर्ष गुजराती कालोनी निवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 हजार 240 रूपये नकदी व ताशपत्ती जप्त की गई है।

पुलिस ने तीसरी रेड की कार्रवाई स्टेशनपारा क्षेत्र में की। यहां जुआ खेल रहे टीकू यादव 33 वर्ष, सुक्कू साहू 64 वर्ष, कृष्ण यादव 57 वर्ष तीनों स्टेशनपारा निवासी व अर्जुन सिंह भुरानी 37 वर्ष तेलीपारा सिहावा चौक निवासी को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 5 हजार 30 रूपये जप्त किये गये। पुलिस ने सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

# कायाकल्प योजना : अंतर्जिला की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

- अस्पताल की बिल्डिंग पुरानी होने के कारण कट जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कायाकल्प योजना के तहत अंतर्जिला रायपुर की टीम ने जिला अस्पताल पहुंच विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि अस्पताल को अब तक योजना के तहत सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ रहा है। पुरानी बिल्डिंग होने के कारण पाइंट कट जाता है।



शासन शासकीय अस्पतालों को प्रोत्साहित करने प्रत्येक वर्ष कायाकल्प योजना चलाता है। इस योजना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल शामिल रहते हैं। जिला चिकित्सालय को अब तक कायाकल्प योजना के तहत कोई पुरस्कार नहीं मिला है। बीते वर्ष भी अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ा था। इसकी मुख्य वजह अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग है जिसके कारण पाइंट कट जाता है। कायाकल्प योजना 2025-26 के तहत रायपुर जिला अस्पताल की 6 सदस्यीय टीम शुक्रवार को जिला चिकित्सालय धमतरी के निरीक्षण में पहुंची। टीम में एसके भंडारा सिविल सर्जन, डा.वीके झा हड्डीरोग विशेषज्ञ, डा.लक्ष्मी चंद्राकर माइक्रो बायोलाजिस्ट व डा. दिलीप सोनबेर अस्पताल सलाहकार व सरस्वती घृतलहरे फार्मासिस्ट शामिल थे। टीम ने अलग-अलग बंटकर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, मैट्रन पार्वती नेताम सहित स्टाफ ने टीम को पूरे अस्पताल का भ्रमण कराया। नये अस्पताल की बिल्डिंग शुरु हो जाने के बाद आगामी वर्ष में जिला अस्पताल को पुरस्कार की उम्मीद है।

### 100 पाइंट पर निरीक्षण

कायाकल्प योजना के तहत टीम को अस्पताल का 100 पाइंट में निरीक्षण कर नंबर देना होता है। 70 पाइंट से अधिक होने पर जिला चिकित्सालय राज्य के लिए क्वालीफाई होता है। उसके बाद राज्य की टीम आकर अस्पताल का निरीक्षण करती है। टीम को हास्पिटल फेसलिटी जिसमें जानवरों पर नियंत्रण, गार्डनिंग, खुली जगहों का रखरखाव, अधोसंरचना, फर्नीचर, पानी, हाईजीन, वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण कंट्रोल, सपोर्ट सर्विस, हास्पिटल की बाउंड्रीवाल, इकोफ्रेण्डली सिस्टम सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण करना

# मां अंगारमोती की मड़ई 24 को, ट्रस्ट की हुई बैठक

- समिति बनाकर कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां अंगारमोती की मड़ई 24 अक्टूबर शुक्रवार को होगी। आयोजन को लेकर ट्रस्ट एवं ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग की संयुक्त बैठक हुई। इस मड़ई मेला में निः संतान दंपति मां अंगार मोती एवं मतवार डोकरा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ज्ञात हो कि दीपावली के प्रथम शुक्रवार को आयोजित होने वाली मड़ई में 52 गांव के देवी देवता विराजमान होते हैं। सिरहा गायत पुजारी के माध्यम से सेवा अर्जी के पश्चात मां अंगार मोती का परण किया जाता है।



व्यवस्था को लेकर ट्रस्ट की बैठक जीवराखन मरई अध्यक्ष मां अंगारमोती ट्रस्ट की अध्यक्षता में हुई। समिति बनाकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अध्यक्ष जीवराखन मरई, गोंड समाज अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, देवानंद, डालूराम ध्रुव, ओंकार, जयपाल ध्रुव, राधेश्याम, ललित ठाकुर, नरोत्तम ठाकुर, नारायण ध्रुव, ठाकुर राम, शशि ध्रुव, गीता ध्रुव, बोधन, वेदुराम ध्रुव, अखिलेश, बंटी मरकाम, दिग्विजय ध्रुव, युवराज सिंह, शत्रुघ्न, नरेंद्र, राजेंद्र कुमार, दीपक, कुंजन, रोशन मरकाम, अर्जुन कोर्राम, मानसिंह मरकाम, भगत, शत्रुघ्न, मुख्य पुजारी ईश्वर, सहयोगी तुलाराम मरकाम, नंदकिशोर उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं–
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग – सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# डीपीएस में मनाई गई दीपावली





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने दिवाली को उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। दिवाली के महत्व पर भाषण दीपिका साहू (कक्षा दसवीं) और आंचल जैन (कक्षा आठवीं) ने दिया। इसके बाद स्कूल कॉयर ग्रुप ने वेदप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में मधुर गीत प्रस्तुत किया और दीवाली पर एक रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के छात्रों ने देवता और देवियां थीम पर रंग-बिरंगा रैंप वॉक प्रस्तुत किया। अजय नामदेव के निर्देशन में एक माइम शो ने अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश दर्शाया। प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने छात्रों को अनुशासन, समयपालन और आस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और दिवाली को समझ और श्रद्धा के साथ मनाने की प्रेरणा दी। दीया सजाना, कार्टून मेकिंग, रंगोली, लैंटर्न और लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिता ने समारोह में रचनात्मकता और उत्साह भरा। प्रत्येक छात्र ने एक दीपक अपने घर से लाकर स्कूल परिसर में जलाया। निदेशक धीरज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का प्रबंधन प्राचार्य महोदय डॉ.नितिन कुमार शर्मा, समन्वयक रोहित कुमार और सतप्रीत सिंह धंजल द्वारा किया गया। संचालन अंजलि मिश्रा और मनप्रीत कौर ने किया।

# हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ कला प्रतिभा अकादमी बाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, समाजसेवियों एवं मीडिया को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता श्रीमती करुणा सोनबेर को शैक्षणिक गतिविधि, बालिका उत्थान योजना, अनुशासन एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रमाण पत्र, मेडल, श्रीफल, शॉल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला परिवार समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दो बाइक में भिड़ंत, दोनों चालक घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरूवार की रात्रि भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार आटो के पलट जाने से पीछे आ रही बाइक चपेट में आ गया।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदरा नवागांव निवासी कुलेश नागवंशी गुरूवार की रात्रि अपनी मोटरसाइकिल से भटगांव आईटीआई कालेज के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक चालक दद्दू कुमार आ रहा था। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थी। ग्राम भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइक के टकराने से तेज आवाज आई। टक्कर में दोनों बाइक के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व सोनू साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और सड़क पर पड़े घायलों को उपचार के लिये श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार जारी है। इसी तरह एक अन्य सड़क दुर्घटना शुक्रवार को रूद्री रोड में हुई है। आटो क्रमांक सीजी 05 एएच 7865 दोपहर में रूद्री रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अम्बेडकर चौक रूद्री रोड में स्थित पुलिया के पास तेज रफ्तार आटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक आटो में घुस गई। घटना में आटो व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक को मामूली चोट आई है। बताया गया है कि आटो चालक शराब के नशे में धुत था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

